पत्रांक 10/म 4 – 06/10 – 586

बिहार सरकार

मानव संसाधन विकास विभाग

प्रेषक

ओंकार नाथ आर्य
उप सचिव

सेवा में

अध्यक्ष
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा केन्द्र, 2 कम्युनिटी सेंटर,
नई दिल्ली – 1100921

पटना, दिनांक – 29/06/10

विषय — एम0एस0 मेमोरियल एकेडमी, रूकनपुरा, बेलीरोड, पटना को अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि सरकारी अधिसूचना सं0 – 238 दिनांक – 03.04.2006 के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना से प्राप्त प्रतिवेदन एवं विद्यालय प्रबंधन के द्वारा उपलब्ध कराये गये कागजात की समीक्षा अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने हेतु गठित विभागीय समिति द्वारा की गई तथा एम0एस0 मेमोरियल एकेडमी, रूकनपुरा, बेलीरोड, पटना को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने की अनुशंसा की गयी है।

समिति की अनुशंसा के आलोक में समीक्षोपरान्त स्थिति निम्नवत है –

1 यह विद्यालय एम0एस0 मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के अधीन संचालित है। इस ट्रस्ट में किसी एक व्यक्ति/परिवार का प्रभुत्व नहीं है। सोसाईटी के प्रत्येक सदस्य का ब्यौरा दिया गया है तथा शपथ पत्र भी दिया गया है।

2 विद्यालय ने किसी निबंधित सोसाईटी/न्यास के फ्रेन्चाईजी अथवा किसी विद्यालय के ब्राड नेम उपयोग नहीं करने का दावा किया है।

3 विद्यालय को सी0बी0एस0ई0 के मानक के अनुरूप भूमि उपलब्ध है। विद्यालय को पर्याप्त उपस्कर, पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला भी उपलब्ध है। केन्द्रीय शिक्षा बोर्ड को स्थल निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करना होगा कि विद्यालय की आधारभूत संरचना एवं सुविधाएं बोर्ड के मानक के अनुरूप है।

4 विद्यालय में शिक्षक कि नियुक्ति समाचार पत्रों में विज्ञापन निकालकर विहित प्रक्रिया के द्वारा किया गया है। परन्तु ऐसा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है। जिससे यह स्पष्ट हो कि नियुक्ति में विहित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए पारदर्शिता बरती गयी है। विद्यालय में 16 शिक्षक हैं। सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली को यह सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षकों की [illegible] प्रशिक्षण राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के मापदंडों के अनुरूप है।

5 विद्यालय में हिन्दी अनिवार्य रूप से पढ़ाये जाने का दावा किया गया है।

6 विद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्कों, वार्षिक लेखा अंकेक्षण तथा वार्षिक प्रतिवेदन प्रतिवर्ष सार्वजनिक करने का आश्वासन दिया गया है। विद्यालय अपने आश्वासन के अनुरूप कार्रवाई करे। इससे सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली को सुनिश्चित करना होगा।

7 विद्यालय के द्वारा लिखित रूप से सहमति दी गई है कि उसे विभागीय अधिसूचना सं0 – 238 दिनांक – 03.04.2006 में उल्लेखित अपेक्षित शर्तें स्वीकार है।

अपेक्षित शर्तों के अनुसार :–

(i) विद्यालय में क्षमता का 25 प्रतिशत नामांकन पड़ोस में निवास करने वाले बच्चों का निःशुल्क किया जाएगा तथा उनसे ट्यूशन शुल्क अथवा किसी अन्य प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। ऐसे बच्चों की श्रेणी में अनु0जाति अनु0जनजाति,

Manager
M S MEMORIAL ACADEMY
Rukunpura Bailey Road, Patna

M. S. MEMORIAL ACADEMY
CHAIRMAN

Principal
M.S. MEMORIAL ACADEMY
Rukunpura Bailey Road, Patna

Principal
M. S. MEMORIAL ACADEMY
Rukunpura Bailey Road

वर्ग, अल्पसंख्यक, विकलाग बालिकाए तथा सामान्य श्रेणी के परिवार जिनकी आय

(ii) अधिकतम 60.000/–रू0 प्रति वर्ष होगे को रखा गया है।
विद्यालय मे नर्सरी/के0जी0 अथवा प्राथमिक कक्षा मे नामाकन के लिए किसी तरह
की प्रवेश परीक्षा/साक्षात्कार (बच्चो एव माता/पिता सहित) नही लिया जाएगा
अगर नामाकन के लिए आवेदन निर्धारित क्षमता से अधिक हो तो खुले तरिका से

(iii) Draw of Lots के माध्यम से नामाकन के लिए बच्चो का चयन किया जाएगा।
नर्सरी/के0जी0 तथा प्राथमिक कक्षाओ के लिए प्रवेश लेने वाले बच्चो का विद्यालय
से आवास की दूरी अधिकतम एक कि0मी0 एव उच्च प्राथमिक तथा माध्यमिक कक्षा

(iv) का नामांकन हेतु अधिकतम दूरी तीन कि0मी0 तक रहेगी।
जिन बच्चो का नामाकन नही होता है, उनसे लिई गई आवेदन शुल्क का 80
प्रतिशत राशि वापस लौटाने की व्यस्था होगी।

8 यद्यपि की विद्यालय का निरीक्षण विभागीय पदाधिकारी के द्वारा किया गया है फिर भी
सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली अपने स्तर से जॉच कर सुनिश्चित हो ले कि विद्यालय उनके
निर्धारित माप दड के आधार पर सचालित है।

9 साथ ही बोर्ड को यह सुनिश्चित करना होगा कि सबधित विद्यालय के द्वारा अपनी सहमति
के अनुसार अनिवार्य एव अपेक्षित शर्त्तो का अनुपालन किया जा रहा है। स्कूल यह शर्त्त
सार्वजनिक करनी होगी तथा इसका उल्लेख प्रोसपेक्टस एवं बेवसाईट मे करना होगा। शर्त्तो के
उल्लधन की स्थिति मे अनापत्ति प्रमाण–पत्र वापस ले लिया जाएगा तथा सबद्धन रद्द करने की
कार्रवाई की जाएगी।

10 विभागीय पत्रांक – 46 दिनाक – 18.01.2008 द्वारा शिक्षक/छात्रो का शारीरिक दड नही
दिए जाने सबधी आदेशो का विद्यालयो द्वारा पालन करना होगा।

11 विद्यालय बिहार सरकार के शिक्षा विभाग अथवा स्वास्थ्य विभाग के नियत्री पदाधिकारी द्वारा
निरीक्षण हेतु किसी भी समय खुला रहेगा।

12 उपर्युक्त तथ्यो के आलोक मे तथा वर्णित शर्त्तो के आधार पर एम0एस0 मेमोरियल
एकेडमी, रुकनपुरा, बेलीरोड, पटना को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से सबद्धता हेतु इस
शर्त्त के साथ अनापत्ति प्रमाण–पत्र दी जाती है कि विद्यालय 15 दिनाक के अंदर 75 डिशमील
भूमि का अपेक्षित कागजात जमा करेगे।

अनु0– जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना का जॉच प्रतिवेदन सलग्न।

विश्वासभाजन

ह0/–
(ओकार नाथ आर्य)
उप सचिव
पटना, दिनाक

ज्ञापाक
प्रतिलिपि – जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना को उनके पत्राक 420 दिनाक 11.03.10 के
प्रसग मे सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
(ओकार नाथ आर्य)
उप सचिव
पटना, दिनाक 29/06/10

ज्ञापाक 576
प्रतिलिपि – प्राचार्य, एम0एस0 मेमोरियल एकेडमी, रुकनपुरा, बेलीरोड, पटना को सूचनार्थ
एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

29.6.10
(ओकार नाथ आर्य)
उप सचिव

V Pandey
Principal
M.S. MEMORIAL ACADEMY
Rukunpura Bailey Road, Patna

M. S. MEMORIAL ACADEMY
CHAIRMAN

Manager
M S MEMORIAL ACADMY
Rukunpura Bailey Road, Patna

Principal
M.S. MEMORIAL ACADEMY
Rukunpura Bailey Road, Patna